**श्री प्रवीण राष्ट्रपाल** : सर, इनकी बात मान लें। ...(**व्यवधान**)... इनकी बात मानने के लिए हमारा भी इनको समर्थन हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती विप्लव ठाकुर** (**हिमाचल प्रदेश**) : सर, कानुपर की दुर्घटना के ऊपर भी चर्चा होनी चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House stands adjourned till 11.30 a.m.

The House then adjourned at seven minutes past eleven of the clock.

The House reassembled at thirty one minutes past eleven of the clock, MR. CHAIRMAN in the Chair.

## MATTERS RAISED WSTH PERMISSION

### Re. Demand for ordering C.B.I, inquiry into desecration of Dr. B.R. Ambedkar's statue at Kanpur (U.R)

**कुमारी मायावती** (**उत्तर प्रदेश**) : माननीय सभापति जी, मैं आपका ध्यान उत्तर प्रदेश में कानुपर के अदंर भारतीय संविधान के निर्माता परम पूज्य बाबा साहब डा0 अम्बेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने के बाद उत्तर प्रदेश के साथ-साथ महाराष्ट्र और देश के अन्य राज्यों में भी जो तनाव की स्थिति पैदा हो गई है, उसकी ओर दिलाना चाहती हूं। इस मुद्दे को लेकर महाराष्ट्र राज्य में 4 लोग भी मारे गए हैं और काफी सरकारी संपत्ति का नुकसान हुआ है, जिससे देश की कानून व्यवस्था बिगड़ सकती हैं और इस मामले को लेकर स्थिति और भी ज्यादा बिगड़ सकती हैं, क्योंकि बाबा साहब डा0 अम्बेडकर की प्रतिमा को तोड़ने वाले असली मुलजिमों को अभी तक पकड़ा नहीं गया है और असली मुलजिमों को बचाने के लिए तथा दलितों को बदनाम करने की साजिश के तहत तथा उन्हें आपस में लड़ाने के लिए एक निर्दोष को पकड़ लिया गया है , क्योंकि एक शराबी व्यक्ति ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति** : यह मत लाइए आप ...(**व्यवधान**)... यह मत लाइए आप ...(**व्यवधान**)...

**कुमारी मायावती :** यह बताया गया है कि एक आदमी शराब पीकर ...(**व्यवधान**)... आप बात सुन लीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सतीश चन्द्र मिश्र** (उत्तर प्रदेश) : ये बोलने नहीं देना चाहते हैं ...(**व्यवधान**)... यह दलित विरोधी सरकार है ...(**व्यवधान**)...

**कुमारी मायावती :** यह बताया गया है कि एक आदमी शराब पीकर 10-12 फीट की ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति** : एक मिनट ...(**व्यवधान**)... एक मिनट बैठिए ...(**व्यवधान**)... बाबा साहब की मूर्ति का खंडन हुआ है, उसके बारे में इस हाउस में चर्चा करिए ...(**व्यवधान**)...

**डा0 फारूक अब्दुल्ला** (जम्मू और कश्मी) : डा0 अम्बेडकर के statues तो हर जगह हैं और उनके statues को कुछ करने से कुछ नहीं होने वाला है । उन्होंने जो Constitution बनाया है, वह आज भी है और कल भी रहेगा, मगर जिस तरह से हम देश को बरबाद कर रहे हैं, जिस तरह से हम ...(**व्यवधान**)... उसके लिए जिम्मेदार ...(**व्यवधान**)... यह देश का नुकसान हो रहा है, मैं इनसे गुजारिश करूंगा कि इस वक्त इनको कोशिश करनी चाहिए कि वे दिलों पर मरहम रखें ...(**व्यवधान**)...

**कुमारी मायावती** : माननीय सभापति जी, मैं ...(**व्यवधान**)...

**श्री अमर सिंह (उत्तर प्रदेश)** : आपकी भावनाओं से मैं सहमत हूं फारूक साहब ...(**व्यवधान**)...

**कुमार मायावती** : माननीय सभापति जी ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति** : नहीं, आप ऐसा मत करिए ...(**व्यवधान**)... कौन दलित विरोधी है और कौन नहीं है उसमें आप क्यों जा रहे हैं ...(**व्यवधान**)... ये दलित विरोधी नहीं है । ...(**व्यवधान**)...

**डा0 फारूक अब्दुल्ला** : हम दलित विरोधी हो ही नहीं सकते ...(**व्यवधान**)...

**कुमारी मायावती** : माननीय सभापति जी ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति** : मायावती जी ...(**व्यवधान**)... एक मिनट, एक मिनट ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए ...(**व्यवधान**)... Please take your seats ...*(Interruptions)*... एक मिनट, आप बैठिए ...(**व्यवधान**)... मायावती जी, मैं आपसे रिक्वेस्ट करूंगा कि बाबा साहम की मूर्ति का खंडन हुआ है, आप केवल उसी aspect के ऊपर चर्चा करें, आगे मत करिए ...(**व्यवधान**)... सदन में जिस प्रकार की भावना है, यदि उसके आधार पर हमने इस पर विस्तार से चर्चा करना शुरू कर दिया, तो चार दिनों तक इसका अंत नहीं होगा । मूर्ति का जो खंडन हुआ है, आज केवल उस संबंध में आप दो शब्द कह दें ।

**कुमारी मायावती :** माननीय सभापति जी, कानपुर में जो बाबा साहब डा0 अम्बेडकर की प्रतिमा तोड़ी गई हैं और कल हमें यह जानकारी मिली है कि जो प्रतिमा तोड़ने वाला व्यक्ति है ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति** : आप उस पर मत जाइए ...(**व्यवधान**)...

**कुमारी मायावती** : सही तथ्य तो आने दीजिए। ...(**व्यवधान**)... वह शैडयूल्ड कास्ट का आदमी है ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति** : आप उस पर मत जाइए ...(**व्यवधान**)...

**कुमारी मायावती** : वह शराबी आदमी है ...(**व्यवधान**)... लेकिन एक शैडयूल्ड कास्ट का आदमी शराब पी कर बाबा साहब की प्रतिमा कैसे तोड़ सकता हैं? दलितों को आपस में लड़ाने के लिए एक बहुत षडयंत्र चल रहा है। ...(**व्यवधान**)... इससे पूरे देश की कानून व्यवस्था बिगड़ सकती है। ...(**व्यवधान**)... इस मामले की सीबीआई से जांच होनी चाहिए । माननीय सभापति जी, यह मामला बड़ा गम्भीर है। इस मामले की सीबीआई से जांच होनी चाहिए ...(**व्यवधान**)... और केन्द्र की सरकार एक सख्त-से-सख्त कानून बनाए कि उत्तर प्रदेश ही नहीं, पूरे देश के अंदर बाबा साहब की प्रतिमा सुरक्षित रहनी चाहिए । मान्यवर पूरे देश के अन्दर रोष है । इससे महाराष्ट्र में चार लोग मारे गए हैं और सरकारी सम्पत्ति का भी नुकसान हुआ है । उससे पहले भी भंडारा के अंदर कई लोग मारे गए हैं ...(**व्यवधान**)... पूरे देश के अंदर दलितों का उत्पीड़न हो रहा है । ...(**व्यवधान**)... इसको रोका जाए ...(**व्यवधान**)... जिन्दा नहीं, अमर रहें ...(**व्यवधान**)... यह नारा भी सीख लें ...(**व्यवधान**)... नारा लगाना भी नहीं आता हैं ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति** : मैं सीबाआई से जांच करवा दूंगा , आप बैठ जाइए ...(**व्यवधान**)... मैं सीबीआई से जांच करवा दूंगा, आप बैठ जाइए ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए ...(**व्यवधान**)...Please take your seats ...*(Interruptions)*.. मैं सीबीआई से जांच करवा दूंगा, आप बैठिए ...(**व्यवधान**)... बैठिए ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए, . मैं सीबीआई से जांच करवाऊगा ...(**व्यवधान**)...आप बैठिए ...(**व्यवधान**)... पचौरी जी, आप बोलिए ...(**व्यवधान**)... आपने कह दिया, अब आप मंत्री महोदय को सुनिए ...(व्यवधान)...

**कुमारी मायावती** : मान्यवर, इस पूरे प्रकरण की सीबीआई से जांच होनी चाहिए ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति** : आप मंत्री महोदय, को सुन लीजिए ...(**व्यवधान**)...

**कुमारी मायावती** : और सरकार हमें यह आश्वासन दे कि उत्तर प्रदेश ही नहीं, पूरे देशे के अन्दर जहां-जहां बाबा साहब की प्रतिमाएं लग रही है, वे सुरक्षित रहें । ये राज्य सरकारों को एक सख्त निर्देश दे, चिट्ठी लिखें कि जगह-जगह जो बाबा साहब की प्रतिमाएं तोड़ी जा रही है, वे नहीं तोड़ी जानी चाहिए। महोदय, इतना ही नहीं, पूरे देश के अंदर जो दलितों का उत्पीड़न हो रहा है और जो उन की हत्याएं हो रही है, जैसे अभी महाराष्ट्र में भंडारा में हत्याएं हुई, ये घटनाएं रूकनी चाहिए ।

**श्री सभापति :** ठीक है । ...(**व्यवधान**)...

**कुमारी मायावती** : लेकिन कानपुर प्रकरण की जांच सी0बी0आई0 से होनी चाहिए।

**श्री सभापित :** आप जो कह रही हैं, वह ठीक है। एक बार मंत्री महोदय को सुन लीजिए।

**कुमारी मायावती :** सभापति महोदय, निंदा प्रस्ताव पास किया जाना चाहिए , लेकिन इस घटना की सी0बी0आई0 से जांच होनी बहुत जरूरी है।

**श्री सभापति :** ठीक है, आप इसे 10 बार कह चुकी हैं।

**कुमारी मायावती :** यदि इस की सी0बी0आई0 से जांच नहीं होगी, तो हम आप से सहमत नहीं होंगे।

**श्री शाहिद सिद्दिकी** (उत्तर प्रदेश) **:** सर, सी0बी0आई0 से मालेगावं घटना की जांच भी कराई जाए। ...(**व्यवधान**)...

†**شری شاہد صدیقی:** سر، سی-بی-ائی- سے مالیگاؤں گھٹنا کی جانچ کرائی جائے ...مداخلت...

**श्री सभापति** : वह आप अलग से मूव करिए।

**श्री शाहिद सिद्दिकी :** जितनी मूर्तियां तोड़ी जाए, उन सब की सी0बी0 आई0 जांच होनी चाहिए।

†**شری شاہد صدیقی:** جتنی مورتیاں توڑی جائیں، ان سب کی سی-بی-آئی- جانچ ہونی چاہئے-

**श्री सभापति :** ठीक है, आप बैठिए।

**श्री अमर सिंह :** सर, उड़ीसा में बीजू पटनायक की मूर्ति तोड़ी गयी, उसकी भी जांच होनी चाहिए। बाबा साहब अम्बेडकर की मूर्ति तोड़े जाने और बीजू पटनायक की मूर्ति तोड़े जाने की भी जांच होनी चाहिए।

**श्री सभापति :** अमर सिंह जी, एक मिनट सुनिए, आप अभी बाबा साहब अम्बेडकर की जय बोल रहे थे, नारे लगा रहे थे, इसलिए अभी केवल उसी तक सीमित रहिए। माननीय मंत्री जी। ...(**व्यवधान**)...

**श्री विनय कटियार** (उत्तर प्रदेश) : माननीय सभापति जी....

† [ ] Transliteration in Urdu Script.

**श्री सभापति :** आप बैठ जाओं, उन्हें बोलने दो ।

**श्री विनय कटियार :** महोदय, यह बड़ा संवेदनशील मामला है और एक दुखद घटना है । इस की सी0बी0आई0 से जांच हो । ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति :** पहले मंत्री जी को सुन लीजिए ।

**श्री विनय कटियार :** महात्मा गांधी की प्रतिमा को तोड़ा गया। जगह-जगह प्रतिमाओं को तोड़े जाने की घटनाएं हो रही हैं । यह एक साजिश का काम हो रहा हैं । ...(**व्यवधान**)... डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को तोड़ा गया, लेकिन जितनी प्रतिमाएं तोड़ी जाती हैं, उनके संबंध में कार्यवाही नहीं होती है। इस कारण लोग उत्तेजित होते हैं, इसलिए एक आचार संहिता बननी चाहिए कि कितनी प्रतिमांए लगायी जाएं और कहां-कहां लगायी जाए। इस पर भी एक आचार संहिता बननी चाहिए ।

**श्री सभापति :** ठीक हैं ।

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL : Sir, I may be allowed to speak on this subject before... *(Interruptions)...* It is permitted in the Zero Hour.

MR. CHAIRMAN: I am not permitting. *(Interruptions)* Please take you seat. *...(Interruptions)...*

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL: I will speak for two minutes before the hon. Minister replies. *(Interruptions)*

MR. CHAIRMAN: Please sit down. *(Interruptions)*

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL: I Strongly condemn the event which took place...*(Interruptions)...*

MR. CHAIRMAN: Please do not disturb...*(Interruptions)...*

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL: I want the Government of India to enquire into the entire episode...*(Interruptions)...*

MR. CHAIRMAN: Please take your seat...*(Interruptions)...*

SHRI PRAVEEN RASHTRAPAL: *

---

*Not recorded.

MR. CHAIRMAN: Nothing will go one record...*(Interruptions)*...

**श्री विनय कटियार :** *

**श्री सभापति :** कुछ भी रिकार्ड पर नहीं जा रहा हैं।

**श्री शहिद सिद्दिकी :** *

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record...*(Interruptions)*... Nothing is going on record...*(Interruptions)*...

**Resolution regarding condemnation of desecration of the statue of Dr. B.R. Ambedkar in Kanpur**

**कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेश पचौरी) :** सम्मानित सभापति महोदय, भारतीय संविधान के निर्माता परम आदरणीय बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा को कानपुर में खंडित करने की जो दुर्भाग्यजनक घटना हुई है, मैं ऐसा मानकर चलता हूं कि उससे पूरा सदन अपने आप को सम्बद्ध कर रहा है और रोष व्यक्त कर रहा है । बाबा साहब अम्बेडकर न केवल भारतीय संविधान के निर्माता रहे हैं, दलितों के मसीहा रहे हैं, बल्कि सर्वजन हिताय उन्होंने जो काम किए हैं, सर्वहारा वर्ग के हितों को दृष्टिगत रखते हुए हम सब उनको यादकर नमन करते रहे हैं।

मान्यवर, जहां तक इस सरकार का प्रश्न है , मैं सरकार की तरफ से भी यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह सरकार, बाबा साहब अम्बेडकर के अपमान को किसी भी हालत में बर्दाशत नहीं करेगी और जो भी व्यक्ति इस तरह की घटना में लिप्त पाए जाएंगे, उन के खिलाफ कठोर-से-कठोर कार्यवाही करने की पक्षधर है । मान्यवर, जहां तक कई स्थानों पर दलितों पर होने वाले जुल्मों – सितम की घटनाओं का सवाल है, वह भी एक संवेदनशील विषय है । मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि आप जब भी इस विषय पर, इस सदन में, दलितों पर अत्याचार की घटनाओं पर चर्चा कराने के लिए निर्देश देंगे, यह सरकार उसके लिए भी तैयार है। लेकिन यह जो घटना परम आदरणीय बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा को खंडित करने की हुई है, मैं पूरे सदन की ओर से और आपकी अनुमति से एक प्रस्ताव पढ़ता हूं । मैं निवदेन करना चाहूंगा कि उस प्रस्ताव से सभी आदरणीय सदस्य अपने आप को सम्बद्ध करें । I move.

---

*Not recorded.